प्रेस नोट
थाना प्रेमनगर

दिनांक 10.10.2024

गैंग्स्टर एक्ट में वांछित एवं 25 हजार रुपए के इनामिया अभियुक्त को थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी के कुशल निर्देशन एवं सतत मार्गदर्शन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 173/24 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट के नामजद अभियुक्त रोहन कुशवाहा पुत्र लल्लू राम कुशवाहा निवासी मूल पता 179 गुरूद्वारा नगरा (किराये से) थाना प्रेमनगर जनपद झांसी हाल पता गढिया गांव (किराये से) थाना प्रेमनगर जनपद झांसी को आज दिनांक 10.10.24 को गढिया गांव पुल से करीब 50 कदम सिद्ध बाबा की टौरिया मन्दिर की तरफ नहर के किनारे थाना प्रेमनगर जनपद झांसी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त 25,000/- रुपए का इनामिया अभियुक्त है, जिसके कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद हुये जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 510/24 धारा 3/25 आयुध अधि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर मान0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अभियुक्त उपरोक्त पच्चीस हजार रुपये**(25000)** का इनामिया अपराधी घोषित था।

<u>घटना का विवरणः-</u>

दिनांक 10.10.24 को अशोक कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक प्रेमनगर झांसी मय हमराही कर्मचारीगण के साथ थाना क्षेत्र देखभाल गस्त/ भ्रमण सदिग्ध वाहन/ व्यक्ति रोकथाम जुर्म जरायम तलाश वांछित अपराधियों में मामूर थे कि जरिये मुखबिर सूचना पर गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभि0 रोहन कुशवाहा को हमराह पुलिस बल की मदद से गिरफ्तार किया गया तथा अग्रिम कार्यवाही करते हुये मान0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

<u>गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-</u>

रोहन कुशवाहा पुत्र लल्लू राम कुशवाहा निवासी मूल पता 179 गुरूद्वारा नगरा (किराये से) थाना प्रेमनगर जनपद झांसी हाल पता गढिया गांव (किराये से) थाना प्रेमनगर जनपद झांसी।

गिरफ्तारी का स्थान/दिनांक- गढिया गांव पुल से करीब 50 कदम सिद्ध बाबा की टौरिया मन्दिर की तरफ नहर के किनारे थाना प्रेमनगर जनपद झांसी दिनांक 10.10.24 समय 05.40 बजे

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1. श्री अशोक कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना प्रेमनगर जनपद झांसी
2. उ0नि0 श्री दीपक तोमर चौकी प्रभारी हंसारी थाना प्रेमनगर जनपद झांसी
3. कां0 337 राहुल कुमार थाना प्रेमनगर जनपद झांसी
4. कां0 827 शिवशंकर थाना प्रेमनगर जनपद झांसी
5. कां0 1959 विकास कुमार थाना प्रेमनगर जनपद झांसी
6. कां0 1452 अजीत सिंह थाना प्रेमनगर जनपद झांसी
7. कां0 961 शैलेन्द्र कुमार थाना प्रेमनगर जनपद झांसी